# 'मैं आपके साथ आपके वार्ड में जा नहीं सकता क्योंकि मुझे पत्थर खाने का कोई शौक नहीं है'

## मालवीय नगर नाले के निरीक्षण के लिये कालीचरण सराफ के आग्रह पर मंत्री शांति धारीवाल ने जवाब दिया

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण के जरिये मालवीय नगर क्षेत्र के खुले नाले को ढकने के संबंध में विधायक कालीचरण सराफ ने मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि इस नाले में सरस डेयरी से उत्पन्न अपशिष्ट डाले जाते हैं जिसकी भयंकर बदबू आती है। आप किसी दिन मेरे साथ जाकर निरीक्षण कर लें, पांच मिनट भी रूका नहीं जाता है, वहां पर लोग निवास करते हैं। इस पर नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि मैं आपके साथ आपके वार्ड में जा तो नहीं सकता क्योंकि मुझे पत्थर खाने का शौक नहीं है। बदले में विधायक ने कहा कि आप सदन में गलत जानकारी तो नहीं दें। इससे पहले सराफ ने कहा कि जनता की मांग है कि यह अपशिष्ट नाले में नहीं डाला जाए। इसके अलावा सराफ ने यह भी ध्यान आकृष्ट किया कि नाले के सहारे बने कॉलोनियों के कुछ मकानों के सीवर अपशिष्ट भी नाले में डाले जाते हैं। साथ ही नाले में कचरा डाला जाता है। रखरखाव के अभाव में नाले में पेड़ उग आए हैं, जिसके कारण कई जगह से नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इसलिए सरकार दुर्घटना से देर भली को ध्यान में रखते हुए नाले की बाउंड्री का पुनर्निर्माण कराएं और नाले को ढका जाए।

■ मालवीय नगर के खुले नाले को ढ़कने के लिये विधायक सराफ ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये मामला उठाया

धारीवाल ने अपने जवाब में कहा कि मालवीय नगर का यह नाला सेक्टर 5, सेक्टर 6, सेक्टर 2, सेक्टर 12 और सेक्टर 14 से होकर निकलता है, जिसकी लंबाई लगभग 16 सौ मीटर और चौड़ाई 24 से 32 मीटर है। लिहाजा इतने बड़े नाले को ढका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरस डेयरी के दूध परिशोधन का अपशिष्ट जो नाले में डाला जाता है वह पूरी तरह ट्रीटमेंट के बाद ही डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि कुछ मकान जो नाले के सहारे बने हुए हैं, उनका सीवर अपशिष्ट नाले में डाले जाने की शिकायत पर उनके खिलाफ नोटिस देकर कार्यवाही की जाती है। मानसून से पहले नगर निगम जयपुर की ओर से नाले की सफाई करवा दी जाएगी। साथ ही पेड़ भी हटा दिए जाएंगे। जहां तक टूटी दीवारों का सवाल है तो मुख्यमंत्री की ओर से इस नाले के सुंदरीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। जबकि सरकार इस नाले पर 100 मीटर क्षेत्र को ढक कर उस पर दुकान बना चुकी है। शेष 1500 मीटर नाले की मरम्मत और सुंदरीकरण का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर कराया जाएगा।

विधायक सराफ, मंत्री के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने कहा कि मंत्री बड़े चतुर हैं और उन्होंने बड़ी चतुराई से जवाब देकर जनता की परेशानियों से पीछा छुड़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि नाले में सीवर डालने वाले एक भी व्यक्ति को आज तक नोटिस नहीं दिया गया।

# निकाय व पंचायतराज चुनावों में ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण की मांग

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । आर्थिक रूप से पिछड़े (ई.डब्ल्यू.एस.) को भी अन्य के समकक्ष सभी प्रकार के परिलाभ देते हुए स्थानीय निकाय व पंचायतराज में राजनीतिक आरक्षण की मांग गुरुवार को राज्य विधानसभा में भी गूंजी।

ईडब्लूएस से जुड़े इस मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक धर्म नारायण जोशी सहित 17 विधायकों का स्थगन प्रस्ताव था।

स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक व मावली विधायक धर्म नारायण जोशी ने विधानसभा में कहा कि सरकार ने ईडब्लूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण तो दे दिया, लेकिन अन्य आरक्षित वर्गों की तरह ईडब्लूएस को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा। न ही आरक्षित वर्गों की तरह स्थानीय निकाय व पंचायत राज की सीटें ईडब्लूएस के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि आरक्षण का ये परिलाभ ईडब्लूएस को भी मिलना चाहिए। जोशी ने पिता से पुत्र व विवाहित पुत्री के अलग हो जाने के बाद भी इनकम राइडर को अनुचित बताते हुए इस तरह की विसंगतियां हटाने की मांग की।

गौरतलब है कि ईडब्लूएस को राजनीतिक आरक्षण तथा अन्य विसंगतियों को दूर करने की मांग विप्र फाउंडेशन के मेहंदीपुर बालाजी में संपन्न विप्र महाकुंभ में उठी थी। महाकुंभ में सरकार से जुडी इन मांगों को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया था जिसमें ईडब्लूएस की मांगों के साथ प्रत्येक तहसील में ब्राह्मण छात्रावास निर्माण हेतु इच्छुक संस्थाओं को टोकन मनी पर भूमि आवंटित करने,

■ भाजपा के विधायक धर्मनारायण जोशी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने, हिन्दू धर्म व देवी देवताओं के सम्मान की सुरक्षा हेतु इसके लिए अलग से हिन्दू रिलीजियस एक्ट बनाने की मांग की गई है। राजकीय भर्तियों में हुई धांधली के कारण योग्य युवाओं को नौकरियों से वंचित रखने वाले दोषियों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। फाउण्डेशन के पदाधिकारियों ने इस मांग को लेकर गुरुवार को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठोड सहित सरकार और विपक्ष के अनेक प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपा।

## संक्षिप्त

### युवती को दुष्कर्म की धमकी दी

**जयपुर** (कासं)। हरियाणा के सिरसा जिले निवासी एक युवती ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दी है दिसंबर 2021 में जयपुर में मानसरोवर स्थित एयू बैंक में नौकरी शुरू की थी, जहां साथी कर्मचारी धनंजय गुर्जर से दोस्ती हुई थी। आरोप है धनंजय अपने दोस्तों के रूपए उसके खाते में डलवाकर प्राप्त कर लेता था। युवती की मां की सोने की चेन हड़प ली। अगस्त 2022 में वह कमरे पर आया और जबरदस्ती करने लगा। धमकी दी कि अगर 50 हजार रूपए नहीं दिए तो उसके साथ दुष्कर्म कर बदनाम कर देगा। वहीं खोह नागोरियान थाना पुलिस ने किशोरी से गैंगरेप के मामले में फरार आरोपित अजीत जाटव (25) गांव चंदनसिंह का पुरा, थाना गोरमी जिला भिंड, एमपी को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल इसके साथी बालअपचारी को निरुद्ध किया गया है।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । महेश नगर थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले बबलू सांसी निवासी रावजी का बाग कच्ची बस्ती को गिरफ्तार कर उसके पास से 53 बोतल बीयर और 21 पव्वे अंग्रेजी शराब की जब्त की है। वहीं कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मुहाना इलाके में कार्रवाई करते हुए शराब तस्कर हेमसिंह मालावत (25) निवासी देवी नगर गाजी बाबा की ढाणी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब के पव्वे और बीयर की बोतल बरामद की है। आरोपी शराब की दुकानें बंद होने के पश्चात अवैध शराब बेचता है।

### प्रताप नगर में किशोरी से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में 16 वर्षीया एक किशोरी से दरिंदगी का मामला सामने आया है। वह गर्भवती हुई तो परिजनों को घटना का पता चला है। पीड़िता की मां ने पड़ौस में रहने वाले एक अज्ञात युवक पर बेटी के साथ देहशोषण का मामला दर्ज कराया है। इधर, रामगंज इलाके में 35 वर्षीया महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कुछ दिन पहले महेश यादव घर में घुस आया और उसे अकेली देख गलत हरकतें करने लगा। महिला के चिल्लाने पर वह फरार हो गया।

### बदमाश पर पुलिस ने रखा इनाम

**जयपुर** । पुलिस ने एक आरोपित की गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये की इनाम की घोषणा की है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे एक आरोपित लखविंदर उर्फ लख्या निवासी कैथल हरियाणा वारदात के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपए इनाम की घोषणा की है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**जयपुर** । ब्रहमपुरी थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर सामदेव शर्मा उर्फ बिट्टू निवासी थानागाजी जिला अलवर हाल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपित स्मैक का नशा करने का आदि है। वहीं, भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में तीन बालअपचारियों को निरुद्ध कर एक बाइक जब्त की की है।

## कंपनी में लाखों का गबन करने वाले कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सोडाला थाना पुलिस ने कम्पनी का फर्जी बिल जनरेट कर लाखों रुपयों का गबन करने वाले दो शातिर कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित कस्मटर को ओरिजनल बिल देकर उसकी बिल का कंप्यूटर में मोडिफाई बिल जनरेट कर नकद राशि का गबन करना स्वीकार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने कंपनी का फर्जी बिल जनरेट कर लाखों रुपयों का गबन करने वाले कर्मचारी सुनील कुमार जैन निवासी बोरुंदा जिला जोधपुर हाल मानसरोवर और कुलदीप सैनी निवासी सीकर हाल श्याम नगर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपित अनुपम फर्नीचर अनलिमिटेड में काम करते है। जहां आरोपित सुनील कुमार जैन कैशियर और कुलदीप सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर के पद में कार्यरत है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित कस्टमर केश में सामान लेकर जाता था,जिसे ओरिजनल केश का बिल देते थे और उसके जाने के बाद उसी बिल को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में मॉडिफाई करके उसमें कुछ राशि को नकदी दिखाकर बाकी राशि क्रेडिट में दिखाकर चोरी छिपे रुपये निकालते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## मशहूर कॉमेडियन ख्याली पर दुष्कर्म का आरोप

**जयपुर** । मशहूर कॉमेडियन ख्याली पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। मानसरोवर इलाके स्थित एक होटल में दो सहेलियों को फिल्म में काम दिलवाने की कहकर एक युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। युवतियों के विरोध के बाद ख्याली और उसके साथी होटल खाली कर भाग गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ निवासी 27 वर्षीया युवती के पति की मौत हो चुकी है। वह मार्केटिंग के काम के सिलसिले में 9 मार्च को शास्त्रीनगर इलाके में रहने वाली अपनी सहेली के पास आई थी। गत 11 मार्च को सहेली ने उसे बताया कि मशहूर कॉमेडियन ख्याली का 12 मार्च का शो है, जिसमें वह आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करेगा। उसे राजस्थानी बोलने वाली लड़कियों की कॉमेडी शो के लिए जरूरत हैं। इसलिए दोनों युवतियां ख्याली के बुलावे पर 11 मार्च की रात करीब 8 बजे मानसरोवर के होटल कृष्णा प्राइड पहुंचीं। दोनों के लिए 207 नंबर रूम बुक किया था। जहां नशे में धुत ख्याली ने काम दिलाने के बहाने युवती से जबरन दुष्कर्म किया। उसे शराब व विदेशी शराब ऑफर की, बाद में धमकाया।

# बजाज पल्सर एन.एस-200 और एन.एस-160 रिलाँच

## यह दोनों स्पोर्ट्स बाइक नए रंगों व ग्राफिक्स के साथ दिखेंगी



**जयपुर** (कासं)। बजाज ऑटो ने अपनी नेकेड स्पोर्ट्स बाइक पल्सर एन.एस. सीरीज के दो वेरिएंट "एनएस 200" और "एनएस 160" को रिलाँच किया है। जल्द ही यह दोनों स्पोर्ट्स बाइक सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ यह दोनों बाइक नए रंगों व ग्राफिक्स के साथ 'नेकेड स्पोर्ट्स' अवतार में दिखेंगी।

इसमें हैंडलिंग के लिए अपसाइड डाउन फोर्क्स, सुरक्षा के लिए ड्यूअल चैनल ए.बी.एस. और अपडेटेड कंसोल मिलेगा। पल्सर एनएस-200 की एक्सशोरूम कीमत (नई दिल्ली) 1 लाख 47 हजार 347 रुपये हैं, जबकि पल्सर एनएस-160 की कीमत 1 लाख 34 हजार 675 रुपये रखी गई है।

■ इन दोनों बाइक में अपसाइड डाउन फोर्क्स, ड्यूअल चैनल ए.बी.एस. और अपडेटेड कंसोल मिलेगा

बजाज ऑटो लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया कि दोनों बाइक अब अधिक आक्रामक व मस्कुलर स्टाइल के साथ बाजार में रिलाँच की गई है। इसमें नई सुविधाओं के साथ बेहतर हैंडलिंग और उच्च सुरक्षा का ख्याल रखा गया है। जिससे ये एन्थुसीयस्ट लोगों की मनपसंट स्पोर्ट्स बाइक बन गई है। इन दोनों बाइक्स को टावरिंग पावर, स्पीड व सुरक्षा, आकर्षक लुक के साथ बनाया गया है। दोनों बाइक में डीटीएस-आई इंजन है, एनएस-200 में 18 किलोवॉट की सर्वश्रेष्ठ पावर औश्र 18.74 एनएम का टार्क मिलेगा। नए डिजाइन में डेढ़ किलो वजन कम किया गया है। इसमें 6 स्पीड गियर बॉक्स मिलेगा। दोनों बाइक्स में डुअल चैनल एबीएस मिलेगा। इसमें ब्लैक क्रॉम, ग्रे और कार्बन फाइबर के टच ने इसके स्पीडी लुक को और ज्यादा निखारा है। राकेश शर्मा ने बताया कि लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों में स्पोर्टस बाइक के शौकीन लोगों के लिए बजाज पल्सर एन.एस. पसंदीदा है। दोनों बाइक का नया अवतार खूबसूरत लुक और बेहतर परफॉरमेंस वाले हैं। दोनों बाइक मैटेलिक पर्ल व्हाइट, ग्लॉसी एबोनी ब्लैक, सैटिन रेड और प्यूटर ग्रे जैसे चार रंगों में मिलेगी।

## डॉ. अशोक गुप्ता अध्यक्ष व डॉ. राखी गुप्ता महासचिव

**जयपुर** (कासं)। इंपीरियल चैंबर के महानिदेशक सुनील दत्त गोयल ने बताया कि चेंबर के संरक्षक दिलीप शिवपुरी की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

जिसमें डॉ. अशोक गुप्ता अध्यक्ष, डॉ. राखी गुप्ता महासचिव, प्रिंसेस दिया कुमारी ऑफ जयपुर एवं महाराजकुमार साहिब लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ सलाहकार, रूप सिंह आईपीएस एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला व राजेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक जालान, गजानंद अग्रवाल, मधुरिमा शर्मा, नागरमल अग्रवाल, रविकांत कानूनगो, एस.के.मूंदड़ा, शशि भूषण अग्रवाल, शिवकुमार गोयल और सुभाष आर्य उपाध्यक्ष चुने गए।

इसी प्रकार अनिल माथुर सीए, बहादुर सिंह आईपीएस, पी.सी.शर्मा आईपीएस, राजीव चावला, आरके जैन आईएएस, एस.डी.शर्मा एवं सीएस डॉ. श्याम अग्रवाल मेंटर चुने गए। अखिल सिमलोट, डॉ.बलवंत सिंह चिराना, डीसी खंडेलवाल, नीरज अग्रवाल, पीके कासलीवाल, राजेश जैन और संजय खत्री एडवाइजर चुने गए। सीए सचिन जैन को सचिव चुना गया, ममता महेश्वरी को उदयपुर चैप्टर का अध्यक्ष बनाया गया है। पवन शर्मा संयुक्त सचिव व अजय शर्मा, मनोज केडिया, शशिकांत सिंह सीए सुमित ढढा, सूर्यकांत सिंह, प्रकाश मिश्रा सदस्य बने हैं।

# जयपुर में अजमेर, टोंक व आगरा रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि देने की मांग

## जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में सीकर रोड की तरह ही अजमेर, टोंक व आगरा रोड पर भी ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि आवंटन की मांग शुरू हो गई है। जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने यह मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होने बताया कि राजधानी जयपुर में वर्ष 1971 से हमारी एसोसिएशन में भारी वाहनों की रिपेयरिंग करने वाले 3 हजार से ज्यादा मजदूर वर्ग जुड़े हैं। जून-2019 में तत्कालीन जेडीए आयुक्त व सचिव को ज्ञापन सौंपकर जयपुर में रिंग रोड के पास से गुजर रहे हाईवे तथा अजमेर रोड, टोंक रोड व आगरा रोड पर भी ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की मांग उठाई थी। जिस पर जेडीए प्रशासन ने 31 जुलाई 2019 को नये ऑटोमोबाइल नगरों के संबंध में हमारी एसोसिएशन से पंजीकृत विधान की प्रति व विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी।

जिस पर जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के करीब 2500 सदस्यों के लिए कम से कम 40 मीटर के भूखंड व अधिकतम 500 वर्गमीटर के भूखंड़ की सूची व पंजीकृत विधान की प्रति के साथ विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जेडीए प्रशासन को 21 अक्टूबर 2020 को सौंप दी थी। जेडीए प्रशासन ने करीब 3 साल बाद भी आज तक एसोसिएशन की मांगों पर ध्यान नहीं दिया। प्रभुदयाल सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गत 13 मार्च को एसोसिएशन के पदाधिकारियों से पूरा प्रकरण सुनने के बाद जल्द ही इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।




जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहर में ऑटोमोबाइल नगर के लिए भूमि आवंटन के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

# जयपुर के निजी अस्पतालों में आज से सभी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार

■ आर.जी.एच.एस. और चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं में नहीं होगा इलाज

■ प्रदेश में गुरूवार को सम्पूण मेडिकल बंद से चिकित्सा सेवाएं प्रभावित, मरीज हुए परेशान

■ दो दिन बाद पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन मेडिकल बंद की चेतावनी

**जयपुर** (कासं)। राइट टू हैल्थ बिल के विरोध में गुरूवार को प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों में पूर्ण मेडिकल बंद रहा। इस दौरान अस्पताल में इलाज नहीं मिलने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शुक्रवार से जयपुर के सभी निजी अस्पतालों में आरजीएचएस और चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जायेगा।

राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी एवं यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक्स एंड हॉस्पिटल्स ऑफ़ राजस्थान (उपचार) द्वारा गठित आल राजस्थान प्राइवेट हॉस्पिटल्स संघर्ष समिति के आव्हान पर गुरूवार को प्रदेश में निजी अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं पूरी तरह बंद रखी गई। इस दौरान अस्पतालों में इलाज नहीं मिलने से मरीज परेशान रहे। सारा भार सरकारी अस्पतालों पर आ गया। जयपुर में कई निजी अस्पतालों ने तो आज ही सरकारी योजनाओं के तहत इलाज करने से मना कर दिया। मौसमी बीमारियों के दौर में निजी अस्पतालों के बहिष्कार से राज्य में चिकित्सा सेवा ठप हो सकती है।

प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि जेएमए सभागार में आयोजित बैठक में जयपुर के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों एवं चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों में बैठके आयोजित की गई। डॉ. कपूर ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की शुक्रवार से जयपुर के सभी निजी अस्पतालों में आरजीएचएस व चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जायेगा। जयपुर के अतिरिक्त सीकर, झुंझुनूं, अलवर, कोटा, बीकानेर व अन्य शहरों में हुई बैठकों में भी सरकारी योजनाओं का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। दो दिन बाद पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन मेडिकल बंद किया जाएगा। डॉ. विजय कपूर ने कहा कि यह बिल किसी भी सूरत में और किसी भी स्वरूप में स्वीकार्य नहीं है।

## सार-समाचार

### संस्कृत अकादमी के पुरस्कार घोषित

**जयपुर** । राजस्थान संस्कृत अकादमी ने बुधवार को अपने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की। अकादमी की अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर ने बताया कि ये पुरस्कार वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित दिशा निर्देश एवं प्रक्रियागत पालना तथा सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त घोषित किए गए हैं। इस साल का अखिल भारतीय माघ पुरस्कार जयपुर के संस्कृत विद्वान डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के संस्कृत महाकाव्यम 'गोपांगनावैभवम्' को दिया जाएगा। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 1 लाख 21 हजार रूपए की राशि तथा स्मृति चिन्ह आदि प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जयपुर के आचार्य नारायण शास्त्री कांकर को मरणोपरान्त उनके ग्रन्थ 'लिंगानुशासन कोष' को पद्मश्री डॉ. मण्डन मिश्र पुरस्कार, जयपुर केप्रो. बनवारी लाल गौड़ के ग्रन्थ 'आयुर्वेदीय कथाष्टकम' को पं. अम्बिका दत्त व्यास तथा जयपुर के प्रो. कुलदीप शर्मा को नवोदित प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। तीनों विद्वानों को 51-51 हजार रूपए की राशि नकद प्रदान की जाएगी। वनस्थली की डॉ. अंजना शर्मा को संस्कृत विदूषी सम्मान स्वरूप 21 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। जयपुर के प्रो. ताराशंकर शर्मा पाण्डेय को भट्ट मथुरानाथ शास्त्री साहित्य सम्मान, जयपुर के डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा को पंडित जगन्नाथ सम्राट ज्योतिष सम्मान, जयपुर के डॉ. शंभुनाथ मिश्र को पंडित मधुसुदन ओझा वेद सम्मान, जयपुर के प्रो. आनंद पुरोहित को धर्मशास्त्र पौराहित्य सम्मान, बांसवाड़ा के डॉ. राकेश शास्त्री को पं. गिरधर शर्मा चतुर्वेदी दर्शन सम्मान तथा जयपुर महापुरा की डॉ. अनुपमा राजोरिया को गैर संस्कृत पृष्ठभूमि विद्वान के लिए संस्कृत कौस्तुभ सम्मान से विभूषित किया जाएगा। इन सभी विद्वानों को 11-11 हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

### जयपुर में हैप्पीनेस लैब का उद्घाटन

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर ने अपनी हैप्पीनेस लैबः एच20 फॉर लाइफ (हेल्थ एंड हैप्पीनेस ओरिएंटेशन फॉर लाइफ) का उद्घाटन किया। हैप्पीनेस लैब इलेक्ट्रो फोटोनिक इमेजिंग, मानव शरीर और अंगों के एनर्जी फील्ड विश्लेषण, सात चक्र विश्लेषण, अंग और चक्र संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से एक व्यक्ति को समझने में मदद करेगा। हैप्पीनेस लैब का उद्घाटन नोरबू वांगचुक, भूतपूर्व शिक्षा मंत्री, भूटान सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के उत्सव के अवसर पर किया गया। इस मौके पर हेल्थ एंड हैप्पीनेस कॉन्क्लेवः एन्हांसिंग सोशल एंड इमोशनल लर्निंग (एसईएल) का भी आयोजन किया गया। डॉ. प्रभात पंकज, निदेशक ने मुख्य अतिथि श्री नोरबू वांगचुक का स्वागत किया। नोरबू ने छात्रों से कहा कि वे कहीं और खुशी की तलाश करना बंद करें और इसके बजाय इसे खोजने के लिए खुद पर ध्यान दें। उन्होंने सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा के मूल्य पर जोर देते हुआ कहा कि मजबूत भावनात्मक बुद्धि वाले व्यक्तियों का सामाजिक जीवन अद्भुत होता है। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ प्रगति कभी भी खुशी नहीं ला सकती है। एक खुशहाल मानसिकता किसी को सफल होने का एहसास करा सकती है। वांगचुक ने दावा किया कि "बी हियर नाउ" वह मंत्र है जो किसी को खुशी हासिल करने में मदद करेगा।

### शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना इलाके में बी-2 बायपास चौराहे के पास एक अधेड़ का पत्थर से सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी गई। आरोपियों ने हत्या कर शव बी-2 बायपास चौराहे के पास एक प्लाट में पटक दिया। सूचना पाकर शिप्रा पथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू की और दो लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी ईस्ट अवनीश कुमार ने बताया कि देर रात को चंचल योगी, ओम प्रकाश सैनी और नरसीलाल माली शराब पी रहे थे। शराब लाने की बात को लेकर ओम प्रकाश और चंचल के बीच झगड़ा हुआ जिस पर ओम प्रकाश और नरसीलाल ने चंचल के साथ मारपीट की फिर पत्थर से सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। आरोपी ओम प्रकाश पूर्व में जवाहर सर्किल इलाके में एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों को कल कोर्ट कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। एडिशनल डीसीपी ईस्ट अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9बजे पुलिस को मर्डर की जानकारी मिली थी।दोपहर करीब 2बजे तक उनकी टीम दोनों आरोपियों तक पहुंच गई। कुछ देर दोनों बदमाशों ने तकनीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उन्होने अपना अपराध कबूल कर लिया।

### पोलो मैच का आयोजन 25 मार्च को

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के ख्यातनाम एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए आगामी 25 मार्च को रामबाग स्थित राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 4.30 बजे पोलो मैच और 1 अप्रेल को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बैंड मीत ब्रदर्स की म्यूजिकल नाइट करवाई जाएगी। आवासन आयुक्त और क्लब-21 के अध्यक्ष श्री पवन अरोड़ा ने गुरुवार को मंडल मुख्यालय में क्लब की सदस्यता संबंधी और कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को रामबाग पोलो क्लब में राजस्थान पोलो ग्राउंड पर एनआरआई क्लब-21 और पोलो क्लब के बीच प्रदर्शन मैच खेला जाएगा। वहीं कई मशहूर फिल्मों में संगीत दे चुकी मीत ब्रदर्स की जोड़ी 1 अप्रेल को म्यूजिकल नाइट के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करेगी। अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड और राज आंगन सोसाइटी द्वारा मिलकर विकसित किए जाने वाले एनआरआई क्लब-21 के प्रति आमजन ने गजब का उत्साह दिखाया है।

### पेपरलीक के आरोपी पर इनाम रखा

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आर.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित सैकण्ड ग्रेड के सामान्य ज्ञान के प्रथम प्रश्न पत्र को परीक्षा से पूर्व लीक करने वालों के खिलाफ दर्ज प्रकरण में अभियुक्त अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा पिता गोपाल मीणा की गिरफ्तारी पर एक लाख रु. के इनाम की घोषणा की है। अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा निवासी दोला का बास चौमूं, जयपुर ग्रामीण हाल भावरी स्वरूपगंज आबूरोड में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं और अभी तक प्रकरण में फरार चल रहा है।